उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 20.11.2025
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा ने निर्माणाधीन महिला थाना का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण व शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के दिए निर्देश

आज दिनांक 20.11.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर के निकट निर्माणाधीन महिला थाना महोबा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति, संरचना की गुणवत्ता तथा महिला थाना की आवश्यकताओं के अनुरूप की जा रही व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने पाया कि महिला थाना भवन का अधिकांश निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उन्होंने शेष बची आवश्यक सुविधाओं एवं अधूरे कार्यों को चिन्हित करते हुए कार्यदायी संस्था को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी लंबित कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि-

- महिला शिकायतकर्त्ताओं के लिए सुरक्षित, गोपनीय एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध हो।
- परामर्श कक्ष, प्रतीक्षा कक्ष, रिकॉर्ड रूम, ड्यूटी ऑफिस, बैरक एवं अन्य आवश्यक कक्षों की संरचना मानकों के अनुरूप पूर्ण की जाए।
- विद्युत, स्वच्छता, पेयजल एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएँ पूरी तरह दुरुस्त और उच्च गुणवत्ता की हों।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नया भवन अत्याधुनिक एवं महिला-केंद्रित सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे महिला संबंधी मामलों के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण में और अधिक प्रभावशीलता आएगी। उन्होंने कार्यदायी संस्था को समयबद्धता, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के पालन के साथ सभी शेष कार्य पूर्ण करने के लिए कड़ी हिदायत दी।









## पुलिस अधीक्षक महोबा ने जनसुनवाई में सुनी जनसमस्याएँ, निष्पक्ष व समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश...

आज दिनांक 18.11.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनपदवासियों की समस्याओं को सुनने एवं उनके त्वरित समाधान हेतु आयोजित इस जनसुनवाई में फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए फरियादियों को निष्पक्ष, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध रूप से किया जाए, ताकि आमजन का पुलिस पर भरोसा और अधिक सुदृढ़ हो।

जनसुनवाई के दौरान उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद करते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उन्हें सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से अवगत कराया तथा निर्भीक होकर अपनी बात रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 20.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता हेतु महोबा पुलिस द्वारा व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 20.11.2025 को जनपद महोबा के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान थानों की पुलिस टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को महिला संबंधी अपराधों, उनकी रोकथाम, तथा शिकायतों के निस्तारण हेतु उपलब्ध सुविधाओं व हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिसमें वूमेन पॉवर लाइन– 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा– 112, एम्बुलेंस– 108, चाइल्ड लाइन– 1098, स्वास्थ्य सेवा– 102, महिला हेल्पलाइन– 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन– 1076, साइबर हेल्पलाइन– 1930 साथ ही उन्हें गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी दी गई एवं शासन द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका व उनके माध्यम से महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी भी साझा की गई।

उद्देश्य - महोबा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत चलाए जा रहे ये जन-जागरूकता कार्यक्रम न केवल महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सजग और सुरक्षित बनने का संदेश दे रहे हैं, बल्कि समाज में नारी सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक सार्थक कदम हैं।







## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना खरेला का वार्षिक निरीक्षण, थानाहाजा के महत्वपूर्ण अभिलेखों की समीक्षा कर थानाक्षेत्र में कानून एवं सुरक्षा-व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु दिये गए महत्वपूर्ण निर्देश

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा आज दिनांक 20.11.2025 को थाना खरेला, जनपद महोबा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण से पूर्व थाना परिसर पर सुसज्जित सलामी गार्द द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा को सलामी दी गई, तत्पश्चात निर्धारित क्रम अनुसार विस्तृत निरीक्षण कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, मैस, बैरक, हवालात, वाहन पार्किंग तथा शौचालयों की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया गया। साथ ही थाने के शस्त्रागार की सुरक्षा व्यवस्था, शस्त्रों के रख-रखाव, रजिस्टरों के अद्यतन संधारण तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन की भी गहन समीक्षा की गई। थाना कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण अभिलेख जैसे अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर एवं फ्लाईशीट का अवलोकन करते हुए एएसपी महोदया ने इन सभी अभिलेखों को समय-समय पर अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश प्रदान किए।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र/महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया गया। ड्यूटी पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि महिला सम्बन्धित शिकायतों को रजिस्टर में स्पष्ट, सटीक एवं समयबद्ध रूप से दर्ज किया जाए और प्रत्येक शिकायत पर की गई कार्यवाही का विवरण नियमित रूप से अद्यतन रखा जाए। पीड़िता से फीडबैक लेकर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए साइबर अपराधों से सम्बंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण तथा साइबर जागरूकता को बढ़ाने के लिए विद्यालयों, बाजार क्षेत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता गतिविधियाँ संचालित करने के निर्देश दिए।

थाना खरेला में रखे मुकदमाती मालों का निरीक्षण करते हुए मालखाने की व्यवस्था, सुरक्षा एवं रजिस्टर संधारण की भी समीक्षा की। उन्होंने थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि मुकदमाती मालों का नियमित सत्यापन किया जाए तथा न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर लंबित मालों का नियमानुसार त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शीघ्र नष्ट होने वाली सामग्री के निस्तारण को प्राथमिकता देने के निर्देश भी प्रदान किए गए।

निरीक्षण के दौरान थाने के समस्त पुलिस बल को थानाक्षेत्र में अपराध नियंत्रण, गश्त एवं पिकेट ड्यूटी को अधिक प्रभावी बनाने, लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण, आमजन से संवाद बढ़ाकर समुदाय आधारित पुलिसिंग को प्रोत्साहित करने तथा फरियादियों के साथ शालीन व्यवहार एवं त्वरित सहायता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए खुफिया तंत्र को सक्रिय रखा जाए, जिससे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सके।

इस दौरान थानाध्यक्ष खरेला श्रीमती सुषमा सिंह सहित थानाहाजा के अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः- 20.11.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

## एएसपी व एडीएम महोबा द्वारा संयुक्त रुप से मा० उपमुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे से पूर्व, हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का किया सघन निरीक्षण, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

आज दिनांक 20.11.2025 को मा० उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री ब्रजेश पाठक जी के थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत प्रस्तावित भ्रमण/कार्यक्रम के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी महोबा श्री कुंवर पंकज द्वारा संयुक्त रूप से हेलीपैड स्थल का गहन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक पूरे मार्ग की यातायात व्यवस्था का भौतिक सत्यापन कर आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश दिए गए। ड्यूटी में नामित पुलिस बल को सतर्कता, व्यवस्थापन तथा सुरक्षा दायित्वों के निर्वहन हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए, ताकि आगामी कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न उत्पन्न हो।

इस मौके पर प्र0नि0 महोबकंठ श्री विनोद कुमार, प्र0नि0 अजनर श्री सत्यपाल सिंह, थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे तथा समस्त व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने हेतु आवश्यक निर्देश प्राप्त किए।







